# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 10.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- कल शाम नई दिल्ली में श्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- इक्कतीस कैबिनेट मंत्रियों, पांच स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्रियों और छत्तीस राज्य मंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई।
- शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कई नेताओं ने भाग लिया।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने हैडों वार्ड नम्बर–एक के विभिन्न क्षेत्रो का निरीक्षण किया।
- कार–निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन स्टेडियम में खेले गए डॉ. बी. श्रीकान्त मेमोरियल टी–ट्वेंटी क्रिकेट टुर्नामेंट का फाइनल पुलिस टीम ने जीत लिया है।

<><><><><><><>

श्री नरेंद्र मोदी ने कल शाम नई दिल्ली में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में नई केंद्रीय मंत्रि परिषद को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इक्कतीस कैबिनेट मंत्रियों, पांच स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्रियों और छत्तीस राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, डॉ. एस जयशंकर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, निर्मला सीतारामन और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पार्टी के वरिष्ठ नेता किरेन रिजिजु, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेन्द्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत, अन्नपूर्णा देवी, हरदीप सिंह पुरी, डॉ मनसुख मंडाविया, जी. किशन रेड्डी और सी आर पाटिल, डॉ वीरेंद्र कुमार और जुएल ओरांव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पूर्व मुख्यमंत्रियो शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल और सर्बानंद सोनोवाल को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई।

इसके अलावा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल सेक्युलर के सांसद एच.डी. कुमार स्वामी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा पार्टी के प्रमुख जीतन राम मांझी, जनता दल युनाइटेड सांसद राजीव रंजन सिंह, तेलुगु देशम पार्टी के सांसद किंजारप्पु राम मोहन नायडू और लोक–जन शक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान उन अन्य लोगों में शामिल थे, जिन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा नेता राव इंद्र जीत सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह और अर्जुन राम मेघवाल के साथ–साथ शिवसेना के प्रताप राव जाधव और राष्ट्रीय लोक दल प्रमुख जयंत चौधरी ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीस राज्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें भाजपा सांसद जितिन प्रसाद, श्रीपाद येसो नाइक, पंकज चौधरी, नित्यानद राय, कृष्ण पाल, वी सोमन्ना, एस.पी.सिंह बघेल, शोभा करंदलाजे और सुरेश गोपी, रक्षा खडसे, अजय टम्टा, बंदी संजय कुमार, कमलेश पासवान, हर्ष मल्होत्रा, सतीश दुबे और रवनीत सिंह बिट्टू के साथ–साथ आर. पी. आई. के राम दास अठावले, जनता दल युनाइटेड के रामनाथ ठाकुर, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल और तेलुगुदेशम पार्टी के डॉ. पेम्मासानी चन्द्रशेखर शामिल थे। शपथ ग्रहण समारोह म पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कई नेताओं ने भाग लिया। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाई. चंद्रचूड़, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, विभिन्न पार्टी के नेता, फिल्म निर्माता और उद्योगपति भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने वार्ड नम्बर–एक के पार्षद और परिषद के विभिन्न अधिकारियों के साथ हैडों वार्ड नम्बर–एक के विभिन्न क्षेत्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने लिलीपुर क्षेत्र और आसपास के प्रमुख नालों की नियमित सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष टीम के गठन का निर्देश दिया। हैडो जेट्टी के गेट नम्बर–तीन के पास नियमित जल भराव के मुद्दे पर उन्होंने परिषद के संबंधित अभियन्ताओं और अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान खोजने को कहा। उन्होंने हैडों के वेलकम पार्क में सौन्दर्यकरण और फॉरेस्ट बैरक के आसपास के क्षेत्रों में उचित सफाई किए जाने पर बल दिया। उन्होंने परिषद के सफाई अधिकारियों को नालों में जल जमाव को रोकने के लिए नियमित रूप से सफाई करने के भी निर्देश दिए।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के सी.आई.डी. इकाई के चार पुलिस थानों ने प्रतिष्ठित आई. एस. ओ. प्रमाणन प्राप्त किया है। अपराध और आर्थिक अपराध थाना, मानव तस्करीरोधी इकाई थाना, साइबर अपराध थाना और एन्टी नारकोटिक्स थाना को यू.ए.ई. द्वारा जारी प्रतिष्ठित आई.एस.ओ. प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इन थानों ने व्यावसायिका में सुधार और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने लगातार प्रयासों के कारण यह प्रमाणन अर्जित किया है। प्रमाणन प्रक्रिया का निरीक्षण विभिन्न पुलिस स्टेशनों के थानाध्यक्षों द्वारा किया गया। आई. एस. ओ. प्रमाणन मानक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों को बनाए रखने के लिए, सी.आई.डी. इकाई की प्रमाणीकरण और उत्कृष्टता को दर्शाता है। यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवाएं प्रदान करने और समुदायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में चांद दिखने के कारण ईद–उल–अज़हा सत्रह जून को मनाई जाएगी। अण्डमान निकोबार हिलाल कमेटी ने विज्ञाप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है।

<><><><><><>

कार–निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन स्टेडियम में खेले गए डॉ. बी. श्रीकान्त मेमोरियल टी–ट्वेंटी क्रिकेट टुर्नामेंट का फाइनल पुलिस टीम ने जीत लिया है। फाइनल मैच में पुलिस–ए टीम ने स्मॉल लपाती स्पोर्टिंग क्लब को पराजित किया। स्मॉल लपाती स्पोर्टिंग क्लब ने बीस ओवरों में सात विकेट गंवा कर एक सौ सत्ताईस रन का लक्ष्य रखा, जिसे पुलिस–ए टीम ने तेरह ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। विजेता टीम को पचास हजार रूपए और उप–विजेता टीम को तीस हज़ार रूपए पुरस्कार स्वरूप दिए गए। समापन समारोह में निकोबार जिला उपायुक्त ज्योति कमारी मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने टुर्नामेंट के मैन ऑफ–द–सीरीज़, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और ऊभरते हुए खिलाड़ी को पुरस्कृत किया। इस टुर्नामेंट में विभिन्न गांवों, विभागों और संगठनों की सत्ताईस टीमों ने भाग लिया।

<><><><><><>

उचित मूल्य की दो दुकानों को सी सी एस लिमिटेड के सचिव के अनुरोध पर तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। उचित मूल्य की दुकान संख्या एक सौ बत्तीस और दो सौ आठ को इनके मालिकों के अनुरोध पर बन्द किया गया है। नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले निदेशालय ने विज्ञप्ति जारी कर इन एफ.पी.एस. के उपभोक्ताओं को अन्य उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने को कहा है।

<><><><><><>

उद्योग निदेशालय ने उद्यमियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए आद्योगिक भूमि उपलब्ध कराने के लिए द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में इंडस्ट्रियल एस्टेट की स्थापना की है। निदेशालय द्वारा अब तक डॉलीगंज, गाराचरामा, मीठाखाड़ी, हटबे, लिटिल अण्डमान, बकुलतला और कैम्पबेल–बे में छह इंडस्ट्रियल एस्टेट की स्थापना की जा चुकी है। इन औद्योगिक सम्पदाओं में भूखण्डों के आवंटन में पारदर्शिता और इनके कुशल प्रबंधन करने के लिए प्रशासन ने ''अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह औद्योगिक सम्पदा–आवंटन और प्रबंधन नीति'' लागू करने का प्रस्ताव दिया हैं। इसके अंतर्गत एक मसौदा नीति तैयार की गई है, जो प्रशासन के राज्य पोर्टल पर उपलब्ध है। उद्योग निदेशालय ने आम जनता, हितधारकों और उद्यमियों से आठ जुलाई तक इस मसौदा नीति पर टिप्पणिां और सूझाव निदेशालय की वेबसाइट पर ई–मेल के ज़रिए भेजने को कहा है।

<><><><><><>